छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

# संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा　　पंचादश सत्र　　अंक-01

रायपुर, सोमवार, दिनांक 5 फरवरी, 2018

(माघ 16, शक संवत् 1939)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

**(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)**

## 1. राष्ट्रगीत

वन्दे मातरम् की धुन बजाई गई ।

## 2. राज्यपाल का अभिभाषण

अध्यक्ष महोदय की घोषणानुसार माननीय राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा की गई।

माननीय राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ।

(राष्ट्रगान जन गण मन की धुन बजाई गई।)

माननीय राज्यपाल महोदय ने अभिभाषण के बिन्दु क्रमांक 1 से 33 तक पढ़ा एवं शेष अभिभाषण पढ़ा हुआ माना गया।

(राष्ट्रगान जन गण मन की धुन बजाई गई।)

माननीय राज्यपाल महोदय ने चल समारोह के साथ सभा भवन से प्रस्थान किया।

**(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)**

माननीय अध्यक्ष के आदेश के अनुसरण में सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा माननीय राज्यपाल द्वारा सभा में दिये गये अभिभाषण की प्रति सभा पटल पर रखी गई ।

## 3. राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव

श्री शिवरतन शर्मा, सदस्य द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया कि माननीय राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए छत्तीसगढ़ विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं।

श्री अवधेश सिंह चंदेल, सदस्य ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

माननीय अध्यक्ष द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए दिनांक 8 एवं 9 फरवरी, 2018 की तिथियाँ निर्धारित करने तथा उक्त प्रस्ताव पर मंगलवार, दिनांक 6 फरवरी, 2018 को अपराह्न 3.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में संशोधन प्राप्त करने की घोषणा की गई ।

## 4. कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन

माननीय अध्यक्ष ने कार्यमंत्रणा समिति की बैठक सोमवार, दिनांक 5 फरवरी, 2018 में लिए गए निर्णय अनुसार निम्नलिखित वित्तीय कार्य पर चर्चा के लिए उनके सम्मुख अंकित समय निर्धारित करने की सिफारिश की गई :-

| | **वित्तीय कार्य** | **समय** |
|---|---|---|
| (i) | वर्ष 2017-2018 के चतुर्थ अनुपूरक अनुमान की अनुदान मांगों पर चर्चा, मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक का पुर:स्थापन, विचार एवं पारण. | 3.00 घंटे |
| (ii) | वर्ष 2018-2019 के आय-व्ययक से संबंधित मंत्रियों के विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा हेतु निम्नानुसार समय का निर्धारण किया गया है :- | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री | - | 02 घंटे |
| 2. | श्री अजय चंद्राकर, संसदीय कार्य मंत्री | - | 02 घंटे |
| 3. | श्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री | - | 02 घंटे |
| 4. | श्री अमर अग्रवाल, नगरीय प्रशासन मंत्री | - | 02 घंटे |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | श्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय, राजस्व मंत्री | - | 01 घंटे 30 मिनट |
| 6. | श्री रामसेवक पैकरा, गृह मंत्री | - | 01 घंटे 30 मिनट |
| 7. | श्री राजेश मूणत, लोक निर्माण मंत्री | - | 01 घंटे 30 मिनट |
| 8. | श्री केदार कश्यप, आदिम जाति विकास मंत्री | - | 01 घंटे 30 मिनट |
| 9. | श्री पुन्नूलाल मोहले, खाद्य मंत्री | - | 01 घंटे 30 मिनट |
| 10. | श्रीमती रमशिला साहू, महिला एवं बाल विकास मंत्री | - | 01 घंटे 30 मिनट |
| 11. | श्री महेश गागड़ा, वन मंत्री | - | 01 घंटे 30 मिनट |
| 12. | श्री दयालदास बघेल, सहकारिता मंत्री | - | 01 घंटे 30 मिनट |
| 13. | श्री भईयालाल राजवाड़े, श्रम मंत्री | - | 01 घंटे 30 मिनट |

समिति ने यह भी निर्णय लिया कि शनिवार, दिनांक 10 फरवरी, 2018 को सभा की बैठक रखी जाये तथा इसी दिन वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक का उपस्थापन पूर्वाह्न 11:00 बजे किया जाये।

साथ ही यह भी निर्णय लिया कि गुरूवार, दिनांक 15 फरवरी, 2018 से सोमवार, दिनांक 26 फरवरी, 2018 तक भोजन अवकाश नहीं होगा।

श्री अजय चंद्राकर, संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि सदन कार्य मंत्रणा समिति के प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों को स्वीकृति देता है ।

**प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।**

**पूर्वाह्न 11.48 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 6 फरवरी, 2018 (माघ-17, शक संवत् 1939) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।**

चन्द्र शेखर गंगराड़े
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा